BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication .... Hari Bhoomi ....

Date 07/02/2025 .... Page .... 12 .... Column .... 02 ....

Subject .... बीएमयू मे फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन ....

कार्यक्रम

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयो[जन]

शिक्षण और प्रबंधन में नवाचार को अप[नाकर] कुशल परिणाम कर सकते हैं प्राप्त : डॉ[.]

प्रबंधन शिक्षा में वैश्विक दृष्टिकोण और नवीनतम रुझानः प्रोफेसर एडवर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख विषय प्रबंधन शिक्षा में वैश्विक स्तर के नवीनतम रुझान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को प्रबंधन शिक्षा के नवीनतम वैश्विक दृष्टिकोण से अवगत कराना और उन्हें आधुनिक शिक्षण विधियों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम को ऑस्ट्रेलिया के मोनाश बिजनेस स्कूल, मेलबर्न के प्रोफेसर एडवर्ड बकिंघम ने संबोधित किया। प्रोफेसर बकिंघम प्रबंधन शिक्षा में प्रबंधन शिक्षा के आधुनिक तरीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और बताया कि शिक्षा प्रणाली को लगातार विकसित और गतिशील बनाए रखना आवश्यक है।

रोहतक। अतिथियों का स्वागत करते हुए बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एचएल वर्मा।

उन्होंने बताया कि एक प्रभावी प्रबंधन शिक्षा प्रणाली में विभिन्न पहलुओं का समुचित प्रबंधन और समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि क्षमताओं और चुनौतियों के बीच संतुलन बनाकर ही एक प्रभावी शिक्षा प्रणाली विकसित की जा सकती है। इसके साथ ही, उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक ज्ञान को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एचएल वर्मा ने कहा कि शिक्षण और प्रबंधन में नवाचार को अपनाकर हम अधिक कुशल और प्रभावी परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब शिक्षकों को आधुनिक शोधों, तकनीकों और प्रबंधन रणनीतियों की पूरी जानकारी हो।

शि[...]

डॉ. वर्मा ने विश्वविद्यालय[...] करने के लिए शिक्षकों [...] उद्देश्य केवल सूचना प्रदा[न...] आधारित ज्ञान देना होना [...] प्रबंधन संकाय से प्रोफेस[र...] को उद्योगों के साथ जो[...] रूपांतरण की आवश्यकत[ा...] लर्निंग प्लेटफॉर्म्स, आदि [...] तकनीकों को शिक्षा का अ[...] शिक्षा केवल पुस्तकों तक [...] उद्योग उन्मुख बनाना चाहि[ए...] छात्रों को न केवल सैद्धा[न्तिक...] निकालने की व्यावहारिक [...]

[...]ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. सुमन[...] देवेंद्र, डॉ. कोमल, डॉ. निश[ा...] सवीन, डॉ. मोनिका, डॉ. अ[...] अन्य उपस्थित रहे।